## 2024

**1. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :**

| सूची-I मरुस्थल | सूची-II अवस्थिति |
|---|---|
| A. गोबी | i. दक्षिणी अफ्रीका |
| B. पैटागोनिया | ii. एशिया |
| C. विक्टोरिया | iii. दक्षिण अमेरिका |
| D. कालाहारी | iv. ऑस्ट्रेलिया |

**कूट :**

| | A | B | C | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | vi | i | ii |
| (2) | ii | iii | iv | i |
| (3) | iv | ii | iii | i |
| (4) | ii | i | iii | iv |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**व्याख्या:-**

- **मरुस्थल - अवस्थिति**
  गोबी - एशिया (मुख्य रूप से मंगोलिया और चीन)
  पैटागोनिया - दक्षिण अमेरिका (मुख्य रूप से अर्जेंटीना)
  विक्टोरिया - ऑस्ट्रेलिया (ग्रेट विक्टोरिया डेजर्ट)
  कालाहारी - दक्षिणी अफ्रीका (बोत्सवाना, नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका)

**2. कौन-सा क्षेत्र भूमध्यसागरीय कृषि प्रकार का नहीं है?**
(1) दक्षिण अफ्रीका का दक्षिणी भाग
(2) कैलिफोर्निया
(3) मध्य चिली
(4) उत्तरी ऑस्ट्रेलिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**व्याख्या:-**

- भूमध्यसागरीय कृषि प्रमुख रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में पाई जाती है: दक्षिण अफ्रीका के दक्षिणी भाग, कैलिफोर्निया और मध्य चिली। ये क्षेत्र भूमध्यसागरीय जलवायु के अनुकूल हैं जहाँ गर्म, शुष्क गर्मियाँ और ठंडी, नम सर्दियाँ होती हैं जबकि उत्तरी ऑस्ट्रेलिया भूमध्यसागरीय कृषि क्षेत्र नहीं है क्योंकि इसकी जलवायु और पर्यावरणीय परिस्थितियाँ इसमें इस प्रकार की कृषि के लिए अनुकूल नहीं हैं।
- उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय या मानसूनी जलवायु होती है, जिसमें गर्म, गीली ग्रीष्मकाल और शुष्क सर्दियाँ होती हैं। यहाँ भूमध्यसागरीय कृषि नहीं होती है।

**3. विश्व के किस वन खण्ड में सर्वाधिक वनोन्मूलन अंकित किया गया है?**
(1) ज्वारीय
(2) कोणधारी
(3) उष्ण कटिबन्धीय
(4) पतझड़ी सवाना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**व्याख्या:-**

- विश्व के उष्णकटिबन्धीय वन खण्ड में सर्वाधिक वनोन्मूलन अंकित किया गया है। उष्णकटिबन्धीय वन, विशेष रूप से अमेज़न, कांगो बेसिन और दक्षिण पूर्व एशिया में पाए जाने वाले वर्षावन, वैश्विक वनोन्मूलन के सबसे बड़े शिकार हैं।

**मुख्य कारण:**

- **कृषि विस्तार:** बड़े पैमाने पर पशुपालन और सोयाबीन तथा ताड़ के तेल जैसी नकदी फसलों की खेती के लिए भूमि प्राप्त करना।
- **अवैध कटाई:** मूल्यवान उष्णकटिबन्धीय लकड़ी के लिए अवैध और अनियंत्रित कटाई।
- **बुनियादी ढाँचा:** सड़कों, खनन और जलविद्युत परियोजनाओं का विकास।
- **प्रभाव:** इन वनों के विनाश के कारण न केवल जैव विविधता का भारी नुकसान होता है, बल्कि वातावरण में बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड भी उत्सर्जित होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन बढ़ता है।

## 2023

**4. एल्ब नदी और राइन नदी किस सागर में अपना जल गिराती हैं?**
(1) उत्तरी सागर (2) भूमध्य सागर
(3) एड्रियाटिक सागर (4) ब्लैक सी (काला सागर)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- उत्तरी सागर में अपना जल गिराती है।
  एल्ब नदी पूर्वी जर्मनी में बहने वाली एक प्रमुख नदी है।
- राइन नदी स्विस आल्प्स में उच्च स्रोत से निकलने के साथ, उत्तरी सागर के मुहाने पर स्थित रॉटरडम बंदरगाह तक लगभग 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

**5. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप पर मरुस्थलीकरण की समस्या न्यूनतम है?**
(1) यूरोप (2) ऑस्ट्रेलिया
(3) एशिया (4) अफ्रीका
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**व्याख्या:-**

- यूरोप महाद्वीप में मरुस्थलीकरण की समस्या न्यूनतम है।
- यूरोप महाद्वीप में इटली, रोमानिया और स्कैंडिनेविया के कुछ शीत बंजर क्षेत्र हैं। लेकिन केवल एक ही वास्तविक प्रकार का, रेत-और-चट्टान रेगिस्तान है वो अल्मेरिया, स्पेन के दक्षिण-पूर्व कोने में काबो डी गाटा है। यहाँ वार्षिक वर्षा केवल 200 मिमी. है, जो यूरोप में सबसे कम है।

**6. निम्न में से कौन-सा संयुक्त राज्य अमेरिका का औद्योगिक प्रदेश नहीं है?**
(1) सिनसिनाटी इंडियानापोलिस
(2) ग्रेट कान्हावा घाटी प्रदेश
(3) मिडलैंड्स प्रदेश
(4) मिशिगन झील
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

**व्याख्या:-**

- मिडलैंड्स प्रदेश संयुक्त राज्य अमेरिका का औद्योगिक प्रदेश नहीं है। बल्कि यह इंग्लैंड का मध्य भाग है, जिसकी सीमा वेल्स, उत्तरी इंग्लैंड, दक्षिणी इंग्लैंड और उत्तरी सागर से लगती है।
- मिडलैंड्स 18वीं और 19वीं शताब्दी की औद्योगिक क्रांति में महत्त्वपूर्ण योगदान रखता है।

## 2021

**7. निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

| **झील** | **देश** |
|---|---|
| (A) बाल्खश (बाल्काश) | कजाखस्तान |
| (B) टीटीकाका | बोलीविया पेरू |
| (C) ईरी | यू.एस.ए. कनाडा |
| (D) बैकाल | यूक्रेन |

(1) B (2) C
(3) A (4) D **[4]**

**व्याख्या:-**

- बाल्खश झील – यह मध्य एशिया के कजाख्स्तान देश में स्थित एक विशाल झील है। यह एशिया की सबसे बड़ी झीलों में से एक है। इसका कुल क्षेत्रफल 16,400 किमी. है।
- टीटीकाका – यह झील पेरू व बोलीविया की सीमा पर स्थित एक झील है। इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 3812 मीटर है। जलीय मात्रा के अनुसार यह झील दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी झील है।
- ईरी – यह झील उत्तरी अमेरिका की पाँच बड़ी झीलों में से चौथी सबसे बड़ी झील है। इसके उत्तरी किनारे पर कनाडा की सीमा, दक्षिण-पूर्व में न्यूयार्क, पेनसिलवेनिया तथा ओहायो, पश्चिम में मिशिगन तथा ओहायो राज्यों की सीमा पड़ती है।
- बैकाल – यह झील रूस के साइबेरिया क्षेत्र में स्थित है, इस झील की गहराई 1637 मीटर है। इस झील में दुनिया का मीठे पानी का 1/5 हिस्सा पाया जाता है।

**8. निम्न में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है?**

(1) डेट्रॉयट — ऑटोमोबाइल
(2) गोरनाया शोरिया — सूती वस्त्र
(3) अन्शान — लोहा एवं इस्पात
(4) योकोहामा — जलपोत निर्माण **[2]**

**व्याख्या:**

- गोरनाया शोरिया रूस में स्थित है।

**9. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –**

| **सूची-I स्थलाकृति** | | **सूची-II महाद्वीप** | |
|---|---|---|---|
| A. | एकांकागुआ | (i) | आस्ट्रेलिया |
| B. | मेसेटा | (ii) | अफ्रीका |
| C. | सेरेनगेटी मैदान | (iii) | यूरोप |
| D. | गिब्सन डेज़र्ट | (iv) | दक्षिणी अमेरिका |

**कूट –**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**[4]**

**व्याख्या:-**

| **स्थलाकृति** | **महाद्वीप** |
|---|---|
| एकांकागुआ | दक्षिण अमेरिका |
| मेसेटा | यूरोप |
| सेरनगेटी मैदान | अफ्रीका |
| गिब्सन डेजर्ट | ऑस्ट्रेलिया |

## 2018

**10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए-**

| **सूची-I पर्वत शिखर** | | **सूची-II स्थिति/देश** | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **एल्ब्रुस** | **I.** | **न्यूजीलैण्ड** |
| **B.** | **किलीमंजारो** | **II.** | **संयुक्त राज्य अमेरिका** |
| **C.** | **माउन्ट कुक** | **III.** | **तंजानिया** |
| **D.** | **मैकिन्ले** | **IV.** | **रूस** |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | IV | II | I |
| (2) | IV | II | III | I |
| (3) | IV | III | I | II |
| (4) | III | I | IV | II |

**[3]**

**व्याख्या:-**

- एल्ब्रुस पर्वत एक सुषुप्त ज्वालामुखी है जो रूस की काकेशस पर्वतमाला का सबसे बड़ा शिखर है।
- किलीमंजारो (तंजानिया) एक निष्क्रिय ज्वालामुखी पर्वत है जो अफ्रीका महाद्वीप का सर्वोच्च शिखर है।
- माउंट कूक- न्यूजीलैण्ड का सबसे ऊँचा पर्वत है।
- माउंट मेंकिले, उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी है जो रॉकी पर्वतमाला पर स्थित है। इसका नया नाम माउण्ट देनाली है।

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| | **औद्योगिक प्रदेश** | | **देश** |
|---|---|---|---|
| (1) | रूर | - | जर्मनी |
| (2) | दक्षिणी न्यू इंग्लैण्ड | - | यूनाइटेड किंगडम |
| (3) | पो घाटी | - | इटली |
| (4) | क्वांटो मैदान | - | जापान |

**[2]**

**व्याख्या:-**

- रूर क्षेत्र जर्मनी में कोयला तथा लौह इस्पात के लिए प्रसिद्ध है।
- इटली की पो नदी घाटी में स्थिति पो घाटी औद्योगिक क्षेत्र वस्त्र, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग हेतु प्रसिद्ध है।



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

- क्वांटो क्षेत्र जापान का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, जहाँ लौह-इस्पात, वायुयान, जहाजरानी, वस्त्र हेतु योकोहामा, टोक्यो, कावासाकी प्रसिद्ध है।
- न्यू इंग्लैण्ड औद्योगिक क्षेत्र उत्तरी अमेरिका में सूती, ऊनी, चमड़ा, मशीन निर्माण हेतु प्रसिद्ध।
- USA की औद्योगिक विकास की यात्रा न्यू इंग्लैण्ड क्षेत्र से ही मानी जाती है।

**12. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट के अनुसार सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I नहर | | सूची-II जोड़ती हैं | |
|---|---|---|---|
| A. | कील | I. | भूमध्यसागर व लाल सागर को |
| B. | सू | II. | एल्ब ज्वारनदमुख (एश्चुअरी ) व बाल्टिक सागर को |
| C. | पनामा | III. | अटलान्टिक महासागर व प्रशान्त महासागर को |
| D. | स्वेज | IV. | सुपीरियर झील व ह्यूरॉन झील को |

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | IV | III | I |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | IV | III | II | I |
| (4) | III | II | I | IV |

**[1]**

**व्याख्या:-**
- **कील नहर-** ज्वारदमुख (एस्चुयरी) व बाल्टिक सागर को जोड़ती है। यह 65 किलोमीटर लंबी है।
- **सू- नहर -** उत्तरी अमेरिका के महान झीलों के क्षेत्र में स्थित यह नहर सुपीरियर झील तथा ह्युरॉन झील को जोड़ती है।
- **पनामा नहर-** मध्य अमेरिका के पनामा देश में स्थित नहर का निर्माण 1914 में करवाया गया। यह प्रशात महासागर तथा अटलांटिक महासागर को जोड़ती है।
- **स्वेज नहर-** 1869 में फ्रांस द्वारा निर्मित यह नहर लाल सागर तथा भूमध्य सागर को जोड़ती है। इसकी कुल लम्बाई 165 किलोमीटर है।

## 2016

**13. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिये –**

| संस्था (पर्वत शिखर) | | स्थापना वर्ष (महाद्वीप) | |
|---|---|---|---|
| **A.** | **कोसिक्यूज्को (2228 मी)** | **I.** | **यूरोप** |
| **B.** | **मैकिन्ले (6200 मी)** | **II.** | **अफ्रीका** |
| **C.** | **अल्ब्रूस (5642 मी)** | **III.** | **ऑस्ट्रेलिया** |
| **D.** | **किलिमंजारो (5895 मी)** | **IV.** | **उत्तरी अमेरिका** |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | IV | III | II | I |
| (2) | III | IV | I | II |
| (3) | III | I | II | IV |
| (4) | II | IV | III | I |

**[2]**

**व्याख्या:-**
- कासिक्यूज्को (2228 मी) – ऑस्ट्रेलिया
- मैकिन्ले (6200 मी) – उत्तरी अमेरिका
- अल्ब्रूस (5642 मी) – यूरोप
- किलिमंजारो (5895 मी) – अफ्रीका

**14. सूची-I को सूची-11 के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I औद्योगिक प्रदेश | | सूची-II देश | |
|---|---|---|---|
| A. | लंकाशायर प्रदेश | I. | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| B. | रुहर प्रदेश | II. | जर्मनी |
| C. | कैहिन प्रदेश | III. | यूनाइटेड किंगडम |
| D. | दक्षिणी अपेलेशियन प्रदेश | IV. | जापान |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | I | II | III | IV |
| (2) | III | II | I | IV |
| (3) | III | II | IV | I |
| (4) | III | IV | II | I |

**[3]**

**व्याख्या:-**
- लंकाशायर प्रदेश – यूनाइटेड किंगडम – कोयला, टेक्साइल, मत्स्यन
- रुहर प्रदेश - जर्मनी - कोयला
- कैहिन प्रदेश - जापान - पेडो कैमिकल, स्टील, सूती वस्त्र
- दक्षिणी अप्लेशियन प्रदेश – अमेरिका - माइनिंग, स्टील, पेट्रोकैमिकल

## 2015

**15. फ्रांस का लॉरेन प्रदेश प्रसिद्ध है-**
(1) लौह व इस्पात उद्योग के लिए
(2) सूती वस्त्र उद्योग के लिए
(3) कागज उद्योग के लिए
(4) रसायन उद्योग के लिए **[1]**

**व्याख्या:–**
- फ्रांस का लॉरेन प्रदेश लौह व इस्पात उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

**16. सुमेलित कीजिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | जिब्राल्टर | I. | इंडोनेशिया व मलेशिया के मध्य |
| B. | मलक्का जल संधि | II. | फारस की खाड़ी व ओमान की खाड़ी के मध्य |
| C. | बेरिंग जल संधि | III. | अफ्रीका व यूरोप के मध्य |
| D. | हॉर्मुज जल संधि | IV. | एशिया व उत्तरी अमेरिका के मध्य विशाल मुख्य द्वार |



UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | IV | I | II |
| (2) | III | I | IV | II |
| (3) | IV | III | II | I |
| (4) | IV | II | III | I |

**[2]**

**व्याख्या:–**

| | |
|---|---|
| जिब्राल्टर | अफ्रीका व यूरोप के मध्य |
| मलक्का जन संधि | इंडोनेशिया व मलेशिया के मध्य |
| बेरिंग जल संधि | एशिया व उत्तरी अमेरिका के मध्य विशाल मुख्य द्वार |
| हॉर्मूज जल संधि | फारस की खाड़ी व ओमान की खाड़ी के मध्य |

**17. विषुवत् रेखीय प्रदेश के उच्च भूमि क्षेत्र किस प्रकार की खेती (कृषि) के लिए उपयुक्त है-**

(1) बागानी कृषि (2) आर्द्रतर कृषि
(3) शुष्क कृषि (4) व्यापारिक कृषि **[1]**

**व्याख्या:–**

- विषुवत रेखीय प्रदेश के उच्च भूमि क्षेत्र बागानी कृषि के लिए उपयुक्त होता है, वहाँ अधिक वर्षा होती है,मृदा में लीचिंग होने के कारण बागानी कृषि उपयोगी है।

**18. कीवी है-**

(1) उड़न-अक्षम पक्षी जो केवल न्यूजीलैंड में पाया जाता है।
(2) एक रेगिस्तानी सर्प।
(3) ऑस्ट्रेलिया का सबसे तीव्र गति से उड़ने वाला कायरोप्टरन स्तनी।
(4) गिद्ध की एक प्रजाति जो केवल अमेजन के जंगलों में पायी जाती है। **[1]**

**व्याख्या:-**

- यह न्यूजीलैण्ड का राष्ट्रीय पक्षी है। कीवी एक उड़ने में अक्षम पक्षी है, जो केवल न्यूजीलैण्ड में पाया जाता है।


UTKARSH CLASSES | support@utkarsh.com | : 9829 213 213